देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 14 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्त समिति की अनुशंसाओं को कार्यपरिषद् ने मान्य किया जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग हेतु 3 नए वाहन क्रय करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के स्ववित्त विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को सातवें वेतनमान से वेतन निर्धारन करने के प्रस्ताव को मान्य किया गया तथा विश्वविद्यालय की पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2023 को एम. पी. ऑन लाईन द्वारा संचालित करने के लिए 30 लाख रूपये के बजट को मान्यता प्रदान की गई।

कार्यपरिषद् द्वारा पूर्णकालिक संविदा (विजिटिंग) शिक्षकों के मानदेय को रू. 35 हजार से बढ़ाकर रू. 50 हजार करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कैरियर एडवांसमेंन्ट योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 05 शिक्षकों को पदोन्नती प्रदान की गई। राज्यशासन के कर्मचारियों के समान विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अंतर्गत चार प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ते में वृद्धि प्रदान की गई।

मातेश्वरी सुगनीदेवी कन्या महाविद्यालय की विकास समिति के प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया कि इस महाविद्यालय को पूर्णतः शासन को हस्तांतरित कर दिया जाए।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी